<u>समाचार</u>

सभी सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराना सर्वोच्च प्राथमिकता–राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने दादर से बाया ढेलवाडीह रिंग रोड तक सड़क मरम्मत व डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन)

कोरबा 24 नवम्बर 2020 –प्रदेश के राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि नगर निगम कोरबा क्षेत्र सहित जिले की सभी सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराना सर्वोच्च प्राथमिकता पर है, सड़कों के निर्माण व जीर्णोद्धार हेतु फण्ड की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी तथा शीघ्र ही सभी सड़कें दुरूस्त कर ली जाएगी। उन्होने कहा कि निगम द्वारा जिस प्रकार से पानी व बिजली की समस्याओं का दीर्घकालीन निराकरण किया गया है उसी प्रकार रोड की समस्याओं को समाप्त करने का भी दृढ़ संकल्प शीघ्र पूरा होगा।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने दादर ढेलवाडीह मार्ग में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 30 अंतर्गत दादरखुर्द से बाया ढेलवाडीह रिंग रोड तक सड़क के मरम्मत व डामरीकरण का कार्य 01 करोड़ 89 लाख 52 हजार रूपये की लागत से जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत किया जाना हैं। राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि काफी लंबे समय से दादर ढेलवाडीह रोड के निर्माण की मांग की जाती रही है, आज इस मांग को पूरा किया गया है। उन्होने कहा कि इस रोड के साथ–साथ दादर से नकटीखार रोड का भी निर्माण होगा, इस रोड का निर्माण हो जाने से यहां के निवासियों को चांपा, रिसदी, बालको आदि स्थानों पर जाने के लिए कम समय व कम दूरी तय करनी पड़ेगी। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के पांच वर्षो के कार्यकाल के दौरान सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से विकास कार्य किए गए, बरसों की समस्याएं दूर की गई, घर–घर में नल कनेक्शन पहुंचाएं गए, बरसों से अंधेरे में डूबी बस्तियों, पारों व मोहल्लों में बिजली की सुविधा पहुंचाई गई, साथ ही निगम के प्रत्येक वार्ड में करोड़ों रूपये के अन्य

विकास कार्य कराए गए। उन्होने कहा कि विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी, क्षेत्र की जनता को सभी आवश्यक सुविधाएं मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

राजस्व मंत्री के मार्गदर्शन में वार्डो का होगा चहुमुखी विकास –इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास के लिए अपना मार्गदर्शन दिया जा रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से निगम के सभी वार्डो का चहुंमुखी विकास होगा। पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में कोरबा निगम क्षेत्र का जिस तेजी से विकास हुआ है, वह अपने आप में अद्वितीय है। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के अथक प्रयास से दादर ढेलवाडीह रोड के निर्माण की यह सौगात प्राप्त हुई है, जिसके लिए मैं अपने पार्षद साथियों एवं क्षेत्र की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूॅं।

जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता– इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल आमजनता के हितों के बारे में सदैव चिंतन करते हैं तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, वे क्षेत्र की जनता की भावनाओं व आकांक्षाओं को पूर्ण रूप से समझते हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं, इसी का परिणाम है कि क्षेत्र की जनता का लगातार आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। मेयर इन काउंसिल सदस्य फूलचंद सोनवानी ने कहा कि ढेलवाडीह रोड अत्यंत जर्जर थी, राजस्व मंत्री जी को धन्यवाद है कि उनके प्रयास से यह रोड बनने जा रही है। उन्होने कहा कि हम लोग लगातार देख रहे हैं कि क्षेत्र के विकास के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल लगातार प्रयासरत हैं, जिसके सार्थक परिणाम भी हम सबको प्राप्त हो रहे हैं। पार्षद श्री अनीता यादव ने कहा कि ढेलवाडीह सड़क का निर्माण हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभारी हॅूं, इसके साथ ही महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल को भी धन्यवाद देती हॅूं।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, फूलचंद सोनवानी, प्रदीपराय जायसवाल, पार्षद दिनेश सोनी, अनीता यादव, एल्डरमेन एस.मूर्ति, आरिफ खान, गीता गभेल, रूपा मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, अर्चना उपाध्याय, पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, लक्ष्मण जाटवर, पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला इंटक अध्यक्ष विकास सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, ममता अग्रवाल, रेखा त्रिपाठी, अरूण यादव, राकेश पंकज, आनंद पालीवाल, नफीसा बेगम, शमसाद बेगम, देव जायसवाल, गणेश बैगा, मगलू यादव, समारू यादव आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।